कार्रवाई | एसपी की ओवरलोड परिवहन पर सख्ती, ट्रकों में की जा रही क्षमता से अधिक चावल की लोडिंग

42 ट्रकों में ओवरलोडिंग, कार्रवाई सिर्फ चार पर

अनूपपुर, नवभारत 18 जून। मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के हजारों क्विंटल चावल के परिवहन में ओवरलोडिंग का मामला सामने आने के बाद अनूपपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराव के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने दो ट्रकों पर कार्यवाही की तो वहीं यातायात पुलिस ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ दो ट्रकों पर 41 हजार का जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के अनुसार जिले से मुरैना जिले के लिए भेजे जा रहे चावल को रेलवे रैक प्वाइंट तक पहुंचाने के लिए लगाए गए कई ट्रकों में निर्धारित क्षमता से अधिक माल लादा जा रहा था।

कई ट्रकों के चालक वाहन छोड़कर हुए फरार

शिकायतों और निगरानी के दौरान ओवरलोड परिवहन की पुष्टि होने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार ट्रकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर जुर्माना लगाया। जांच और चेकिंग के दौरान कई ट्रकों के चालक अपने वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। जिससे ट्रको पर कार्यवाही ना हो सके। रेलवे रैक प्वाइंट तक चावल पहुंचाने के लिए बड़ी संख्या में वाहनों का उपयोग किया जा रहा है।

कोतवाली पुलिस ने दो ट्रकों पर की कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए क्षमता से अधिक लदे दो ट्रकों को पकड़ा है। कार्रवाई कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन के नेतृत्व में 17 जुलाई को की गई। जांच के दौरान ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 5660 एवं एचपी 38 जे 4533 में निर्धारित क्षमता से अधिक चावल लोड पाया गया। ओवरलोडिंग की पुष्टि होने पर दोनों वाहनों को थाना परिसर लाया गया और वैधानिक कार्रवाई की गई।

यातायात विभाग की कार्यवाही बनी दिखावा

17 जून को पुलिस अधीक्षक ने यातायात और कोतवाली पुलिस को चावल से लदे ओव्हएर लोड़ ट्रको पर कार्यवाही के निर्देश दिये। जहां कोतवाली पुलिस ने तत्कालि ओव्हलर लोड़ दो ट्रको पर कार्यवाही की गई, लेकिन यातायात पुलिस इस कार्यवाही से बचती देखी गई।

कोतवाली पुलिस की कार्यवाही के दूसरे दिन यातायात पुलिस मौके पर पहुंचकर 5 ट्रको की जांच की गई, जिसमें तीन ट्रक अंडरलोड पाए गए, वहीं दो ट्रक जिनमें एमपी 09 एएल 9933 पर 20 हजार एवं एमपी 21 एच 6333 पर 21 हजार का जुर्माना लगाया गया।

एसपी की कार्यवाही देख अंडर लोडिंग हुई शुरू

पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक के सख्तड निर्देशन और कड़ी निगरानी के बाद 18 जून को चारो वेयर हाउस से चावल अंडर लोड़ दिया जाने लगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिये यातायात नियमों के अनुरूप से वाहनों में क्षमता से अधिक माल परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

जल गंगा संवर्धन अभियान को लगा पलीता

लामाटोला में शासकीय तालाब को राखड़ से पाटकर बनाया जा रहा खेल मैदान

कोतमा नवभारत 18 जून। एक तरफ जहां मध्य प्रदेश सरकार 'जल गंगा संवर्धन अभियान' चलाकर जल स्त्रोतों के संरक्षण, साफ-सफाई और गहरीकरण पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है, वहीं दूसरी तरफ अनूपपुर जनपद के ग्राम पंचायत लामाटोला में इसके बिल्कुल उलट खेल चल रहा है।

लामाटोला में पानी की कमी का बहाना बनाकर एक शासकीय तालाब का अस्तित्व ही मिटाने की तैयारी कर ली गई है। सरपंच, सचिव और उपसरपंच के आदेश पर इस जीवनदायिनी तालाब को गहरीकरण करने के बजाय राखड़ से पाटा जा रहा है ताकि वहां खेल का मैदान बनाया जा सके।

रसूख के आगे बेबस ग्रामीण

स्थानीय ग्रामीणों में पंचायत प्रशासन के इस तानाशाही रवैये को लेकर भारी नाराजगी और आक्रोश है। लेकिन सरपंच, सचिव और उपसरपंच के रसूख और राजनीतिक रसूख के आगे कोई भी खुलकर बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जल संकट के इस दौर में तालाब को बचाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, न कि उसे पूरी तरह नष्ट करना।

सरकारी पैसों का दुरुपयोग

हैरानी की बात यह है कि जिस शासकीय तालाब को आज राखड़ से पाटने का खेल चल रहा है, उसी तालाब का वर्ष 2023-24 में सीएसआर मद से लाखों रुपये खर्च कर गहरीकरण कराया गया था। पंचायत विकास के नाम पर तब सरकारी बजट को ठिकाने लगाया गया और अब उसी तालाब को नष्ट कर खेल मैदान बनाने की योजना बनाई जा रही है। गौरतलब है कि भीषण गर्मी और जल संकट के चलते अनूपपुर जिले को पहले ही आपातकालीन स्थितियों में 'जल अभावग्रस्त' घोषित करना पड़ा है।

सैकड़ों हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

बिजुरी नगर पालिका का लोक कल्याण शिविर बना जनसेवा का केंद्र

बिजुरी, नवभारत 18 जून। नगर पालिका परिषद बिजुरी द्वारा बुधवार को लोक कल्याण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में आम नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।

शिविर का आयोजन मध्य प्रदेश सरकार की जनहितैषी सोच और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मंशा के अनुरूप किया गया। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित लोगों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष शहबीन पनिका ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

नपा समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है

मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन साहू ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा, उपयंत्री देवल सिंह सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने होंगी विशेष कार्यशालाएं

अनूपपुर, नवभारत। जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और किसानों को पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विकास एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। ये कार्यशालाएं विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आयोजित की जा रही हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहली कार्यशाला 19 जून को प्रात: 11 बजे जनपद जैतहरी की ग्राम पंचायत जमुड़ी में आयोजित होगी। वहीं दूसरी कार्यशाला 20 जून को प्रात: 11 बजे जनपद अनूपपुर की ग्राम पंचायत दारसागर में संपन्न होगी।

टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

रैली निकालकर डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

अनूपपुर, नवभारत 18 जून। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर मध्यप्रदेश सहित देशभर के शिक्षकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के नेतृत्व में अनूपपुर जिला मुख्यालय में सैकड़ों शिक्षकों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय संगठन अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में शिक्षक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर में एकत्रित हुए। बैठक के बाद शिक्षकों ने रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी को सौंपा।

स्थायी रूप से छूट प्रदान करने की मांग

शिक्षकों ने मांग की कि केंद्र सरकार आगामी मानसून सत्र में विशेष विधेयक लाकर वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से छूट प्रदान करे।

प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने बैनर और तख्तियां लेकर नारेबाजी की तथा सर्वोच्च न्यायालय के हालिया आदेश पर चिंता व्यक्त की।

सरकार असमंजस और असुरक्षा की स्थिति को समाप्त करें

जिला अध्यक्ष संजय निगम ने बताया कि 29 मई को आए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले पुराने शिक्षकों के लिए भी टीईटी अनिवार्य हो गई है। इससे वर्षों से सेवा दे रहे लाखों शिक्षकों के भविष्य, सेवा सुरक्षा और पारिवारिक स्थिति पर संकट उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्र एवं राज्य सरकारें स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर शिक्षकों के बीच व्याप्त असमंजस और असुरक्षा की स्थिति को समाप्त करें।

एक नजर में

नगर परिषद राजनगर में जनकल्याण शिविर आयोजित

राजनगर, नवभारत। नगर परिषद राजनगर के राजीव गांधी प्रांगण में विशेष जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर के दौरान आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, पीएम स्वनिधि योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों को प्रदान किया गया। बड़ी संख्या में नगरवासियों ने शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवेदन प्रस्तुत किए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखनलाल पानीका ने उपस्थित हितग्राहियों एवं नगरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

पीसीपीओ आदित्य कुमार को दी गई विदाई

अनूपपुर, नवभारत। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा 18 जून को रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी (पीसीपीओ) आदित्य कुमार के स्थानांतरण पर विदाई सम्मान समारोह तथा नवपदस्थ प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ. दर्शनीयता बी. अहुलवालिया के स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी लक्ष्मण तथा जोनल प्रवक्ता गोपी राव ने बताया कि महामंत्री पीतांबर लक्ष्मीनारायण के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में कर्मचारियों और अधिकारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। नवपदस्थ पीसीपीओ डॉ. दर्शनीयता बी अहुलवालिया ने अपने संबोधन में कहा कि बिलासपुर जोन से उनका पुराना संबंध रहा है तथा वे जोन के तीनों मंडलों में कार्य कर चुकी हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय कोषाध्यक्ष सांई किरण, उपाध्यक्ष भीमराव बोदलकर, केंद्रीय पदाधिकारी एवं बिलासपुर शाखा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन अर्बन बैंक डायरेक्टर आरके यादव ने किया।

कल्पना धुर्वे परस्ते ट्रेनिंग एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के आईटी-ईआरपी सेल जबलपुर में पदस्थ प्रोग्रामर कल्पना धुर्वे परस्ते को आईटी एवं ईआरपी प्रणालियों के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभावी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में उल्लेखनीय योगदान के लिए कंपनी के राज्य स्तरीय 'ट्रेनिंग एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। मुख्यालय जबलपुर में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में उन्हें मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि एमपी ट्रांसको अपनी कार्यप्रणाली के डिजिटलीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। विगत तीन वर्षों में कल्पना ने कर्मचारियों को विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एवं ईआरपी प्रणालियों का प्रशिक्षण देने, उनकी समस्याओं के समाधान तथा प्रशिक्षण प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

नियुक्तियों से जनसेवा के संकल्प को मिलेगी नई दिशा

नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मान समारोह को लेकर तैयारियां तेज

अनूपपुर, नवभारत 18 जून। मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस जिला इकाई अनूपपुर द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा आदिवासी समाज की आवाज को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से 22 जून सोमवार को प्रात: 11.30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम को लेकर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष सिंह मार्को द्वारा बताया गया कि अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, राष्ट्रीय समन्वयक के. राजू तथा प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम के मार्गदर्शन एवं अनुशंसा पर जिले की कोतमा, अनूपपुर और पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इन नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान कर उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरित और मार्गदर्शित किया जाएगा।

पूर्व विधायक अजय सिंह होंगे मुख्य अतिथि

कार्यक्रम में पूर्व विधायक अजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष श्यामकुमार गुड्डू चौहान अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह, पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल, सुनील सराफ सहित कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। आदिवासी कांग्रेस का मानना है कि नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष संगठन और समाज के बीच मजबूत कड़ी का कार्य करेंगे।

समाज को संगठित करने प्रयास किए जाएंगे : त्रिपाठी

विप्र समाज ने बरने नदी का विधि विधान से किया पूजन

अनूपपुर, नवभारत 18 जून। विप्र समाज की एकता, अखंडता एवं सामाजिक जागरण के उद्देश्य से विप्र समाज जिला संयोजक पंडित रामनारायण द्विवेदी ने जिले के दक्षिणी अंतिम छोर पर स्थित पवित्र बरने नदी तट पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर मां भगवती से समाज के कल्याण, सुख-समृद्धि एवं संगठन की मजबूती का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर युवा समाजसेवी पं. श्रीराम त्रिपाठी ने पूजन में सहयोग करते हुए संकल्प लिया कि समाज को संगठित, संस्कारित एवं जागरूक बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। पूजन के दौरान पं. रामनारायण द्विवेदी ने कहा कि बरने नदी केवल एक प्राकृतिक धरोहर ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा निर्धारित करने वाली एक पवित्र एवं ऐतिहासिक नदी है।

जिला स्तरीय आयोजन इस क्षेत्र में होगा

उन्होंने मां भगवती से प्रार्थना करते हुए कहा कि विप्र समाज पर उनकी कृपा सदैव बनी रहे तथा जिले के सभी विप्रजन सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में निरंतर प्रगति करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में जब विप्र समाज का व्यापक जिला स्तरीय आयोजन इस क्षेत्र में होगा, तब जिलेभर के विप्रजन एकत्र होकर इस पावन धरा का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

गुरु अर्जन देव शहीदी दिवस पर सजेगा कीर्तन दरबार

नवभारत, जबलपुर। गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर प्रांगण में आज सिख धर्म के पांचवें गुरु और गुरुग्रंथ साहिब के सृजक गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस समारोह पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस विशेष अवसर पर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे और रात 7 से 11:30 बजे तक भव्य कीर्तन दरबार सजेगा, जहाँ दोपहर 12 बजे से अमृतसर स्वर्णमंदिर पंजाब के हुजूरी रागी जत्था भाई जरनैल सिंह कोहारका और कथाकार ज्ञानी मनदीप सिंह मुरीद कथा प्रवाह व गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश करेंगे। इस आयोजन में रागी जत्था भाई बलजीत सिंह गोरखपुर एवं स्त्री सत्संग सभा सहित कई विद्वतजन शिरकत करेंगे। इससे पहले अमृतसर से जबलपुर आगमन पर डुमना हवाई अड्डे में रागी जत्थों का भावभीना स्वागत किया गया, जिसके बाद साध-संगत ने रातभर गुरु का लंगर व अन्य व्यवस्थाओं हेतु कारसेवा की। बदलते मौसम के अनुरूप यहाँ एक विशाल तारपालयुक्त पंडाल तैयार किया गया है और खंडा चौक गुरुद्वारों को भी सजाया गया है। आयोजन के तहत दिनभर गुरु का लंगर और मीठी छबील वितरित की जाएगी।

बड़े फुहारा पर होगा तुलसी पौधों का वितरण

नवभारत, जबलपुर। जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट द्वारा 18 जून को शाम 5 बजे बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में निशुल्क श्याम और रामा तुलसी पौधों का वितरण किया जाएगा। ट्रस्ट के माध्यम से अब तक लगातार सेवा कार्य जारी रखते हुए 1 लाख 4 हजार से अधिक तुलसी पौधों का वितरण किया जा चुका है।

रक्तदान क्षेत्र में योगदान के लिए केमतानी समूह सम्मानित

नवभारत, जबलपुर। आईएमए हॉल में आयोजित एक समारोह में केमतानी समूह को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समूह द्वारा 122 यूनिट रक्त संग्रह कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने पर कलेक्टर ने शॉल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए कहा कि समूह द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और उन्होंने ऐसे जनहितकारी कार्यों को निरंतर जारी रखने की बात कही। उल्लेखनीय है कि सवेदित केमतानी एवं केमतानी बंधुओं के नेतृत्व में यह समूह प्रत्येक वर्ष जबलपुर में बड़े स्तर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता है तथा अपने सहयोगियों के माध्यम से रिकॉर्ड संख्या में रक्तदान करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, विक्टोरिया अस्पताल के सीएमओ डॉ. गर्ग, डॉ. जैन सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने समूह द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों एवं रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों की सराहना की।

बिजली कटौती | जमुना-भालूमाड़ा क्षेत्र में अघोषित कटौती से जनता बेहाल

बादल छाए तो बिजली गुल, हवा चली तो अंधेरा

जमुना कोतमा नवभारत 18 जून। आधुनिक जीवन में बिजली अब केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि दैनिक जरूरत का सबसे महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है। इसके बावजूद पसान नगर पालिका क्षेत्र के जमुना-भालूमाड़ा सहित आसपास के दर्जनों गांवों में वर्षों से चली आ रही अघोषित बिजली कटौती लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है।

हालात ऐसे हैं कि क्षेत्र के लोगों के बीच यह चर्चा आम हो गई है कि बादल छाए तो बिजली बंद, हवा चली तो सप्लाई ठप, बारिश की बूंदें गिरते ही लाइन बंद और तेज गर्मी या उमस बढ़ते ही बिजली गायब हो जाती है।

मेंटेनेंस के नाम पर घंटों कटौती

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या एक-दो दिन या कुछ महीनों की नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी है। हर मौसम में मेंटेनेंस के नाम पर घंटों और कई बार दो से तीन दिनों तक घोषित कटौती की जाती है। इसके अलावा छोटी-छोटी तकनीकी खराबियों के कारण भी पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

30-35 वर्ष पुरानी लाइन बनी बड़ी समस्या

जानकारों के अनुसार कोतमा उपकेंद्र से भालूमाड़ा तक आने वाली बिजली सप्लाई लाइन करीब तीन दशक पुरानी है। यह लाइन जंगल, खेत, नालों और पेड़ों के बीच से होकर गुजरती है, जिसके कारण तेज हवा, बारिश या प्राकृतिक परिस्थितियों में तार टूटने, जंपर खराब होने और शॉर्ट सर्किट जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रहती हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से इस लाइन के व्यापक सुधार की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं।

पानी की समस्या ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें

अघोषित बिजली कटौती का असर केवल रोशनी तक सीमित नहीं है। क्षेत्र के कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति बोरवेल और समरसेबल पंपों पर निर्भर है। बिजली बंद होने से पंप नहीं चल पाते, जिससे लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। गर्मी और उमस के दिनों में यह समस्या और गंभीर हो जाती है।